1-In an effort to facilitate the movement of devotees to Pandharpur, Prime Minister Narendra Modi laid the foundation stone for four laning of five sections of Shri Sant Dnyaneshawar Maharaj Palkhi Marg (NH-965) and three sections of Shri Sant Tukaram Maharaj Palkhi Marg (NH-965G) via video conferencing.

भक्तों के पंढरपुर आवागमन को सुविधाजनक बनाने के प्रयास के तहत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज पालखी मार्ग (एनएच-965) के पांच खंडों और श्री संत तुकाराम महाराज पालखी मार्ग (एनएच-965जी) के तीन खंडों को चार लेन का बनाने के कार्य की आधारशिला रखी।

2-Vice Admiral Krishna Swaminathan assumed charge as Chief of Staff of the Western Naval Command.

वाइस एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने पश्चिमी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में पदभार ग्रहण किया।

3-The Jammu and Kashmir Tribal Affairs department sanctioned projects worth Rs 38 crore for Poonch district during the current fiscal.

जम्मू-कश्मीर में आदिवासी मामलों के विभाग ने चालू वित्त वर्ष के दौरान पुंछ जिले में 38 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी।

4-Former international umpire Sunit Kumar Ghosh died. He was 87.

पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर सुनित कुमार घोष का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे ।

5-The Abu Dhabi cricket stadium's Indian chief curator, Mohan Singh, was found dead hours before the T20 World Cup game between Afghanistan and New Zealand.

अबुधाबी क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य पिच क्यूरेटर मोहन सिंह का अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप मैच से कुछ घंटे पहले निधन हो गया।

6-Former cabinet minister and veteran BJP leader Jai Narayan Poonia died. He was 88.

राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वयोवृद्ध नेता जय नारायण पूनिया का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे।

7-India is among 27 countries to sign up to a sustainable agriculture action agenda at the conclusion of the first week of the COP26 climate summit in Glasgow, laying out new commitments to make farming more sustainable and less polluting.

भारत ने ग्लासगो में सीओपी26 जलवायु शिखर सम्मेलन के पहले सप्ताह के समापन पर एक सतत कृषि कार्य एजेंडा पर हस्ताक्षर किया, इस एजेंडा में कृषि को अधिक स्थायी और कम प्रदूषणकारी बनाने के लिए नई प्रतिबद्धताओं को निर्धारित किया है।

8-The US has partnered with the UK and India-led Green Grids Initiative of a global energy grid launched by Prime Minister Narendra Modi at the COP26 climate summit in Glasgow.

अमेरिका ने ग्लासगो में सीओपी-26 जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में वैश्विक ऊर्जा ग्रिड से संबद्ध ब्रिटेन एवं भारत नीत ग्रीन ग्रिड पहल के साथ हाथ मिलाया है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी।

9-Ukrainian President Volodymyr Zelensky has signed into law a bill designed to combat oligarch influence on the country's economy and politics.

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश की अर्थव्यवस्था और राजनीति पर कुलीन वर्ग के प्रभाव से निपटने के लिए एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं।

10-Afghanistan's premier leg-spinner Rashid Khan picked up his 400th wicket in competitive T20 cricket during the team's T20 World Cup match against New Zealand.

अफगानिस्तान के अनुभवी लेग स्पिनर राशिद खान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान प्रतिस्पर्धी टी20 क्रिकेट में 400वां विकेट का आंकड़ा पूरा किया।